छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल
दूरभाष : 7415100040, 7415100030

CHHATTISGARH STATE OPEN SCHOOL
Phone: 7415100040, 7415100030

छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मण्डल परिसर पेंशन बाड़ा, रायपुर . 492001 (छ.ग.)
website : www.sos.cg.nic.in email id : cgsosraipur@gmail.com

क्रमांक / 127 / छ.ग.रा.ओ.स्कूल / परीक्षा / 2021 रायपुर, दिनांक : 04.06.21

प्रेस विज्ञप्ति

हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी मुख्य/अवसर परीक्षा वर्ष 2021 की परीक्षा आयोजित किये जाने के संबंध में

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी मुख्य/अवसर परीक्षा वर्ष 2021 की परीक्षायें दिनांक 24.05.2021 से 15.06.2021 तक आयोजित किया जाना था किन्तु कोविड–19 संक्रमण के कारण उक्त परीक्षाएं स्थगित कर दी गई थी।

- हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा 2021 के छात्रों को प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिका संबंधित अध्ययन केन्द्र से प्रदान की जायेगी। छात्र उत्तरपुस्तिका में घर से उत्तर लिखकर 5 दिन की समय–सीमा में संबंधित अध्ययन केन्द्र में जमा करेंगे।
- हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी की वर्ष 2021 की परीक्षा निम्नानुसार आयोजित की जायेगी :–

हायर सेकण्डरी (सभी विषय)		हाईस्कूल (सभी विषय)	
वितरण दिनांक	जमा दिनांक	वितरण दिनांक	जमा दिनांक
21.06.2021	26.06.2021 तक	01.07.2021	06.07.2021 तक
22.06.2021	27.06.2021 तक	02.07.2021	07.07.2021 तक
23.06.2021	28.06.2021 तक	03.07.2021	08.07.2021 तक
24.06.2021	29.06.2021 तक	04.07.2021	09.07.2021 तक
25.06.2021	30.06.2021 तक	05.07.2021	10.07.2021 तक

- छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के मुख्यालय से परीक्षार्थियों को sms किया जायेगा कि छात्र को किस दिन प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिका प्राप्त करने एवं किस दिन उत्तरपुस्तिका जमा करने आना है, जिस छात्रों को sms नहीं मिलता है वे वितरण के अंतिम दिन उपस्थित होंगे।
- यदि कोई विद्यार्थी परीक्षा के दौरान कोविड पाजिटिव हो जाता है तो उसके द्वारा अधिकृत किये गये व्यक्ति को प्रश्न–पत्र एवं उत्तरपुस्तिका प्रदाय करने के पूर्व छात्र का आवेदन, पाजिटिव रिपोर्ट प्राप्त कर लेंवे। छात्र आवेदन में अधिकृत व्यक्ति का नाम, कोई भी फोटो आईडी एवं हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। अधिकृत व्यक्ति के फोटो आईडी से मिलान करने के उपरांत ही उसे प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिकाएं दी जायेगी।
- परीक्षार्थी को मुख्य उत्तरपुस्तिका के 40% के अनुपात में (न्यूनतम एक) पूरक उत्तरपुस्तिकाएं प्रदाय की जावेगी। यदि किसी छात्र को प्रदाय की गयी पूरक उत्तर पुस्तिका के अतिरिक्त पूरक उत्तरपुस्तिका की आवश्यकता है तो वे छात्र A-4 आकार

4/6/21

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल
दूरभाष : 7415100040, 7415100030

CHHATTISGARH STATE OPEN SCHOOL
Phone: 7415100040, 7415100030

छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मण्डल परिसर पेंशन बाड़ा, रायपुर . 492001 (छ.ग.)
website : www.sos.cg.nic.in email id : cgsosraipur@gmail.com

के पृष्ठ में उत्तर लिखकर मुख्य उत्तरपुस्तिका के साथ संलग्न कर सकते है जिसके प्रत्येक पेज पर छात्र का रोल नंबर लिखा होना अनिवार्य है।

- जो छात्र निर्धारित तिथियों में प्रश्नपत्र प्राप्त नहीं करेंगे उन्हें परीक्षा में अनुपस्थित माना जायेगा एवं जो छात्र 05 दिन की समय सीमा में लिखित उत्तरपुस्तिका जमा नहीं करेंगे वे भी अनुपस्थित माने जायेगे।
- उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ में समस्त जानकारी रोलनंबर, विषय, विषय कोड, हस्ताक्षर, दिनांक अंकित करना अनिवार्य है।
- परीक्षार्थी जिस विषय की उत्तरपुस्तिका लिखकर समय–सीमा में जमा नहीं करेगा उसे उस विषय में अनुपस्थित माना जायेगा।
- परीक्षार्थी लिखित उत्तरपुस्तिका परीक्षा केन्द्र में कार्यालयीन समय पर स्वयं जमा करेंगे। डाक या पोस्ट द्वारा भेजे जाने पर लिखित उत्तरपुस्तिकाएं स्वीकार नहीं की जावेगी।
- परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिका लेने एवं जमा करने के समय मास्क लगाकर आयेंगे तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंगे।

4/6/21
सचिव
छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल,
रायपुर

पृ.क्र. / 128 / छ.ग.रा.ओ.स्कूल / परीक्षा / 2021

रायपुर, दिनांक : 04.06.21

प्रतिलिपि :–

1. संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, छत्तीसगढ़, रायपुर की ओर छात्रहित में प्रादेशिक स्तर के सभी संस्करण के समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित।

4/6/21
सचिव
छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल,
रायपुर